दिनांक 20 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने छठ पर्व की दी बधाई, तालाबों का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं से मिले, छठ पूजा की व्यवस्थाओं का लिया जायजा , श्रद्धालुओं ने कहा कि 2 दिन में ही पूरी की निगम प्रशासन ने संपूर्ण तैयारी

भिलाई नगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव आज प्रातः 8:00 बजे से निगम क्षेत्र के तालाबों में पहुंचकर छठ पूजा के लिए आवश्यक व्यवस्था का जायजा लिया! उन्होंने श्रद्धालुओं से मिलकर छठ पर्व की बधाई दी! सर्वप्रथम महापौर दर्री तालाब पहुंचे वहां उन्होंने पूरे तालाब का भ्रमण किया और साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया! इस तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य महापौर के प्रयासों से किया जा रहा है जहां पर चारों ओर पेवर ब्लॉक लगाया जा रहा है साथ ही जिम सामग्री लगाई गई है! महापौर ने लक्ष्मण तालाब खुर्सीपार का निरीक्षण किया वहां पर उपस्थित श्रद्धालु राजकुमार यादव ने बताया कि निगम प्रशासन ने 2 दिन में ही छठ पर्व को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर दी! महापौर से जो भी मांग किए थे छठ पूजा की व्यवस्था को लेकर वह पूरा हो गया अब उत्साह पूर्वक पर्व मना पाएंगे! बापू नगर तीन तालाब में पहुंचकर उन्होंने समिति के अध्यक्ष श्री मोर्या से व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की! श्री मौर्या ने बताया कि पहले इस तालाब में गंदगी पसरी रहती थी बीएसपी का खराब पानी तालाब को गंदा करता था परंतु अब महापौर के प्रयासों से तालाब का वातावरण स्वच्छ हो गया है, अब छठ पूजा करने में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं है! महापौर, बाबा बालक नाथ मंदिर स्थित तालाब पहुंचे वहां पर सारी व्यवस्था देखी और समिति की मांग पर सायं काल से पहले विद्युत व्यवस्था के लिए निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए! बाबा बालक नाथ मंदिर के सामने स्थित उद्यान का लोकार्पण की तिथि तय कर जल्द ही जनता को सौंपने के भी निर्देश दिए! वार्ड क्रमांक 38 स्थित तालाब पहुंचकर परिसर का सौंदर्यीकरण कार्य जल्द ही पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए! तथा इस तालाब परिसर को आगामी भविष्य में तैराकी सीखने के लिए उपयोग में लाने चर्चा की! उल्लेखनीय है कि इस परिसर का पानी बहुत ही कम है और तैराकी सीखने के लिए काफी कारगर साबित होगी! वार्ड 38 के सघन बस्ती का निरीक्षण किया इस बस्ती के अंतिम छोर में रेलवे पटरी के पास छठ पूजा के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया! उन्होंने काफी समय तक मोहल्ले वासियों से मिलकर उनसे विकास के संबंध में चर्चा की! यहां पर कई सारे विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया जाना है! बैकुंठ धाम स्थित तालाब , रामनगर स्थित मुक्तिधाम तलाब, सेक्टर दो स्थित तालाब एवं सेक्टर 7 स्थित तालाब का भी श्री देवेंद्र यादव ने जायजा लिया! भ्रमण के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने बताया कि कम समय में बेहतर व्यवस्था निगम प्रशासन की ओर से की गई! महापौर एवं निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर छठ पूजा की आवश्यक तैयारियों में निगम के अधिकारी/कर्मचारी जुटे हुए हैं! महापौर एवं विधायक श्री देवेंद्र यादव ने सभी श्रद्धालुओं को छठ पूजा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है साथ ही उन्होंने गाइडलाइन का पालन करते हुए छठ पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की है!

जनसंपर्क अधिकारी